सुविचार

"पढ़ना कभी भी बंद न करें, क्योंकि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती"

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com | माह- मई 2026 | अंक - 35 वां




## प्रमुख आकर्षण

- राज्य स्तरीय नारी वंदन कार्यक्रम में सहभागिता |
- भारतीय ज्ञान परम्परा और विकसित भारत @2047 में सहभागिता |
- शोधार्थियों द्वारा पी.एचडी पूर्व वायवा की प्रस्तुति |

## विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्व भारतीय वैज्ञानिकों का संघर्ष की सहभागिता




बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल तथा प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के ज्ञानभवन में आयोजित व्याख्यान "विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्व भारतीय वैज्ञानिकों का संघर्ष " में महाविद्यालय के डॉ. कमलेश सिंह नेगी ,डॉ. सविता डहेरिया और विद्यार्थियों ने सहभागिता की । इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं चिंतक श्री नंद कुमार जी द्वारा प्रभावी व्याख्यान दिया गया।

## “ भारतीय ज्ञान परम्परा और विकसित भारत @2047 सहभागिता में ”






"भारतीय ज्ञान परम्परा और विकसित भारत @2047 "विषय पर शासकीय सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित विमर्श में महाविद्यालय से डॉ. मीता बादल और डॉ. समता जैन ने सहभागिता की ।

## “ अकादमिक विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता ”






महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल के Faculty of Banking, Finance & Commerce की Board of Studies (BoS) में Academic Expert के रूप में सहभागिता की | इस अवसर पर पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता, उद्योगोन्मुखी शिक्षा, कौशल विकास तथा नवीन शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप अकादमिक सुझाव प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## ‘ नारी शक्ति वंदन ’ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण




दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित "नारी शक्ति वंदन" सम्मेलन का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दोपहर 12:30 बजे तक किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं सामाजिक विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त महिला प्राध्यापक, महिला कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, अधिकारों एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके योगदान को रेखांकित करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहभागिता






दिनांक 17 अप्रैल 2026 को भारतीय शिक्षण मंडल, मध्य भारत प्रांत, भोपाल महानगर द्वारा 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर समन्वय भवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य विषय "शिक्षा में संस्कार, राष्ट्र निर्माण का आधार" रहा। कार्यक्रम में शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्यपरक शिक्षा तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की भूमिका पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए गए। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शिक्षा में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के महत्व को समझा। महाविद्यालय के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम से प्राप्त अनुभवों एवं विचारों को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय द्वारा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## ‘ नारी शक्ति वंदन ’ कार्यक्रम में सहभागिता





रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित ‘ नारी शक्ति वंदन ’ कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम से महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रेरणा प्राप्त की । इस कार्यक्रम में डॉ. गीता चौहान , डॉ. समता जैन , डॉ. सविता डेहरिया तथा अतिथि विद्वान डॉ. मधुरानी से छात्राओं का नेतृत्व किया ।

### अध्ययन केंद्र एवं LRWS अध्ययन मंडल द्वारा "मेरे आदर्श" विषय पर कार्यक्रम



दिनांक 17 अप्रैल 2026 को शासकीय बाबूलाल गौर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल में प्रज्ञा प्रवाह के अध्ययन केंद्र एवं LRWS अध्ययन मंडल द्वारा ‘ मेरे आदर्श ’ विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 17 विद्यार्थियों ने अपने आदर्श व्यक्तित्वों के जीवन, विचारों और प्रेरणादायक कार्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने लता मंगेशकर, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, स्वामी विवेकानंद, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, महाराणा प्रताप, शहीद भगत सिंह तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन से मिली प्रेरणाओं को साझा किया। वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व, संघर्ष, सेवा, आत्मनिर्भरता, साहस और मानवता जैसे मूल्यों पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आदर्श व्यक्तित्वों के जीवन-मूल्यों के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा का विकास करना था।

### ‘ नारी सशक्तिकरण सम्मेलन ’ कार्यक्रम में सहभागिता




दिनांक 20 अप्रैल 2026 को एम.वी.एम. ग्राउंड, भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित नारी सशक्तिकरण सम्मेलन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं समाज के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन से प्रतिभागियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

## शोध प्रबंध का पूर्व प्रस्तुतिकरण वायवा की प्रस्तुति





शोधार्थी श्री अनिल कुमार रजक ने "मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति के कल्याण हेतु राज्य सरकार की योजनाओं का राजनीतिक विश्लेषण" विषय पर अपने पी.एचडी पूर्व प्रस्तुतिकरण की सफल प्रस्तुति दी। यह शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. अनुपमा यादव के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपादित किया गया था  है।

## विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन






30 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय के मुख्य लिपिक श्री राजाराम महादेव की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल जी, अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद जी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं महावर जी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़े बाबू जी का स्वागत, अभिनंदन पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। स्टाफ क्लब की ओर से अध्यक्ष डॉ. अनुराधा दुबे ने श्रीमती महावर का भी पुष्प कलिका से स्वागत किया। प्राचार्य तथा अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं शॉल श्रीफल भेंट कर श्री महावर जी के 38 वर्ष शासकीय सेवा में पूर्ण होने पर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रजापति जी ने एक सुंदर कविता पढ़ी, श्रीमती डॉली खटवानी , श्री रमाकांत तिवारी , डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव , प्रो. चित्रा खरे , डॉ. समता  जैन और सर के सबसे छोटे भाई ने सर की सेवा, कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उनकी बेटी सोनाली ने अपने पिता को मार्गदर्शक और सच्चा मोटिवेटर बताते हुए चार पंक्तियां सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया।  कार्यक्रम के केंद्र बिंदु रहे श्री राजाराम महावर जी ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने शुभकामनाएं देते हुए महावर जी को नई पारी के लिए बधाई दी। अंत में कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए ए.डी. महोदय ने श्री महावर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. इलारानी श्रीवास्तव ने किया।

# समाचार पत्रों से



## भेल कॉलेज में नवनियुक्त अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य का जनभागीदारी समिति ने किया सम्मान

प्रदेश वर्तमान

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं नवनियुक्त अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री बारेलाल अहिरवार राज्य मंत्री दर्जा का जन भागीदारी समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार के द्वारा स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार का उच्च शिक्षा विभाग के एडी डॉ मथुरा प्रसाद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन, जन भागीदारी समिति सदस्य तेज सिंह ठाकुर ने साल श्री फल फूल माला से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ जैन ने बताया कि हमारे महाविद्यालय के लोकप्रिय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार जी को मध्य प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य पद पर मनोनीत कर राज मंत्री दर्जा दिया है, हम मुख्यमंत्री जी एवं हमारी लोकप्रिय विधायक मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि हमारे कॉलेज के अध्यक्ष को एक नई जिम्मेदारी प्रदेश में सोपी है। अध्यक्ष बारेलाल जी ने महाविद्यालय के लिए अनेकों रचनात्मक कार्य किए हैं जिससे बच्चों एवं प्रोफेसर को काफी लाभ हुआ है। बारेलाल जी हमेशा महाविद्यालय के विकास के लिए तत्पर रहते हैं उन्हें एक अच्छे राजनीतिक , सामाजिक एवं छात्र हितों के लिए अनेकों विकास कार्यों के लिए हमेशा जाना जाएगा। आज उनके स्वागत अभिनंदन के अवसर पर मुख्य रूप से जन भागीदारी समिति के सदस्य तेज सिंह ठाकुर, खिलन सिंह अहिरवार, करतार सिंह नगर, छात्र संघ प्रभारी डॉ अनुराधा दुबे, डॉ अंजना अग्रवाल, डॉ मीता बादल, डॉ समता जैन,महाविद्यालय के प्रोफेसर गण, अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने दिए आदेश

## छात्रों के तनाव को दूर करने गार्जियन ट्यूटर होंगे नियुक्त

संडे पॉजीटिव SUNDAY STORY

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. छात्रों का तनाव दूर करने कॉलेजों में गार्जियन ट्यूटर की व्यवस्था की जाएगी। जो छात्रों पर निगरानी रखेंगे और उन्हें मार्गदर्शन भी देंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलजों को आदेश जारी कर दिए हैं और तत्काल क्रियान्वयन की रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद जारी किए गए हैं। जिसमें छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए थे। विभाग ने स्पष्ट किया, 25 से 40 विद्यार्थियों पर एक गार्जियन ट्यूटर नियुक्त करना होगा।

**मनोविज्ञान के प्रोफेसरों को जिम्मेदारी:** गार्जियन ट्यूटर छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और प्रदर्शन का विश्लेषण करेगा, साथ ही कमजोर छात्रों की पहचान कर उन्हें मार्गदर्शन देगा। यह जिम्मेदारी मुख्य रूप से मनोविज्ञान के प्रोफेसरों को सौंपी जाएगी और जिन कॉलेजों में मनोविज्ञान का विभाग नहीं होगा, वहां बाहर से गार्जियन ट्यूटर की नियुक्ति की जाएगी।

**व्यक्तिगत समस्याओं का भी करेंगे निराकरण:** छात्रों की व्यक्तिगत समस्याओं और मानसिक तनाव को समझना भी ट्यूटर की जिम्मेदारी होगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें काउंसलर से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा अभिभावकों से नियमित संपर्क बनाए रखना, छात्र की प्रगति की जानकारी देना और अनुशासन पर नजर रखना भी ट्यूटर के दायित्व में शामिल है। कैरियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरणा और व्यक्तित्व विकास जैसे पहलुओं पर भी गार्जियन ट्यूटर विशेष ध्यान देंगे। छात्रों को एनएसएस, एनसीसी, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**व्यक्तिगत फाइल होगी तैयार:** हर छात्र की व्यक्तिगत फाइल तैयार की जाएगी और काउंसलिंग की जानकारी दर्ज होगी। विभाग ने साफ किया, व्यवस्था छात्रों के बेहतर भविष्य व संतुलित जीवन के लिए जरूरी कदम है।

हमारे कॉलेज में पहले से ही सोशलॉजिस्ट (काउंसलर) की व्यवस्था है, जो छात्रों की समस्याओं का निराकरण करते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इसमें शामिल अन्य बिंदुओं का भी पालन किया जाएगा। यह छात्रों की मानसिक समस्या को हल करने में काफी मददगार साबित होगी।
**डॉ. संजय जैन,** प्राचार्य, बाबूलाल गौर भेल कॉलेज



## परंपरा, संस्कृति और आधुनिकता के संगम में प्रतिभाओं का सम्मान

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

भोपाल. केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और प्रगति का अनोखा संगम भोपाल तमिल संगम के कार्यक्रम में देखने को मिला। संस्था ने तमिल नववर्ष समारोह और प्रथम 'बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाइर्स' का आयोजन किया। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में हुआ कार्यक्रम गर्व की, जुड़ाव की और सांस्कृतिक निरंतरता की कहानी कहता नजर आया। मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए तमिल समुदाय के लोगों ने इस अवसर को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व के उत्सव के रूप में जिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि भरतनाट्यम और कर्नाटक संगीत की मधुर लय ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ा, वहीं युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा ने यह संकेत दिया कि यह विरासत आने वाले समय में और भी सशक्त रूप से आगे बढ़ेगी। अध्यक्ष पी. राजू और



# स्वदेश ज्योति

समारोह — तमिल नव वर्ष समारोह में बड़ी संख्या में तमिल परिवार हुए शामिल

## भोपाल तमिल संगम में शुरू की गई 'बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाइर्स' की परंपरा

आयोजन से समृद्ध विरासत का संरक्षण

यह लोग रहे कार्यक्रम में उपस्थित

बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाइर्स



20.4.2026

तमिल नव वर्ष संग 'बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाईस' का आयोजन

## उत्कृष्टता सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा समारोह

जागरण, भोपाल। भोपाल तमिल संगम (बीटीएस) ने रविवार को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल परिसर में तमिल नव वर्ष समारोह के साथ प्रथम 'बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाईस' का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए गणमान्य अतिथियों, शिक्षाविदों, पेशेवरों और तमिल समुदाय के सैकड़ों परिवारों की उपस्थिति रही। अध्यक्ष पी. राजू ने इसे समुदाय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन परंपरा और उत्कृष्टता को जोड़ते हैं। महासचिव ए. स्वामी दुरई ने कहा कि यह मंच उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में शिक्षा, पेशेवर और सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। छात्र श्रेणी में ई. दयालिनी, आर. सौम्या, आर. वंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि अन्य श्रेणियों में डॉ. रवींद्र प्रशांत, डॉ. शशिकला सहित कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कर्नाटक संगीत और लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में सामूहिक पारंपरिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया।

# कार्यक्रम की विवरणिकाएँ












# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

चल पड़ा हूँ मैं उस राह पर,
जहां सपनों का आसमान है।
थोडी धूप हैं, थोड़ी छांव है,
पर दिल में एक अरमान है।

गिरा हूँ, कई बार राहों में
पर हिम्मत अब भी बाकी है।
हर ठोकर ने सिखाया है,
जीत अभी भी बाकी है।

लोग कहते है मुश्किल है।
पर मैंने माना नहीं।
जो ठान लिया दिल से मैंने,
उसे छोड़ने वाला नहीं।

ये दुनिया भी बदलेगी एक दिन
जब सोच हमारी नई होगी
हर कदम पे रोशनी होगी,
जब मेहनत सच्ची होगी।

चलो उठो, अब वक्त नहीं है,
सपनों को सच करना हैं।
अपने दम पर अपने बल पर,
एक नया इतिहास रचना है।

उत्कर्ष मिश्रा
बी.कॉम.प्लेन, तृतीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

तरंग का अप्रैल अंक पढ़ा। बहुत खुशी हुई।इस अंक की कविता बहुत अच्छी है।

मुकेश अहिरवार
बी.ए द्वितीय वर्ष

अप्रैल का 'तरंग' न्यूज लेटर पूरा पढ़ डाला। सभी सामग्री पठनीय है।

मनन दीक्षित
बी.ए तृतीय वर्ष

# तरंग स्टार्स

राज्य सरकार के द्वारा आयोजित "राज्य स्तरीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" में प्रदेश भर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस गरिमामयी समारोह का मुख्य उद्देश्य देश की आधी आबादी, विशेषकर युवा छात्राओं को नीति-निर्माण और राष्ट्र विकास की मुख्यधारा से जोड़ना था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से इन छात्राओं ने भाग लिया | ये सभी छात्राएं इस अंक की तरंग स्टार है |

| | |
|---|---|
| प्राची बागुल | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| सीता रजक | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| मधु विश्वकर्मा | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| दिव्या जोसेफ | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| त्रिवेणी | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| मीना | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| भारती | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| रितिका अहिरवार | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| रोशनी रजक | — बी.एससी तृतीय वर्ष |
| सोनम गुर्जर | — बी.एससी तृतीय वर्ष |
| देविका साहू | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| सुजाता राठौर | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| ईशिता राजपूत | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| साक्षी कुशवाहा | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| खुशी मीना | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| ममता गुजराती | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| पूनम गुर्जर | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| आयुषी जालंधरिया | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| रितिका ठाकुर | — बी.ए प्रथम वर्ष |
| मुस्कान ठाकुर | — बी.ए प्रथम वर्ष |



महाविद्यालय परिवार की ओर से इन सभी छात्राओं को बधाई!



# आगामी कार्यक्रम

- 2 जून - श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी का जन्मदिवस समारोह
- 5 जून - विश्व पर्यावरण दिवस
- 21 जून - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
- प्रायोगिक परीक्षाएं

# संपादक की पाती

माह मई 2026 का ‘ तरंग ’ अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि ‘स्टूडेंट कॉर्नर’ के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन ( संयोजक )
डॉ. वर्षा चौहान , डॉ. दीक्षा बरडे
निशांत उपाध्याय ( कम्प्यूटर वर्क )